राजकीय महिला स्नातकोत्तर महाविद्यालय, गाजीपुर

IQAC Minutes सत्र 2018-19

आज दिनांक 12/07/2018 को प्रो० सविता भारद्वाज, प्राचार्य एवं आई० क्यु० ए० सी० सदस्यों के बीच संगोष्ठी कक्ष में आयोजित बैठक में निम्न बिन्दुओं पर चर्चा हुई :

1. प्रवेश प्रक्रिया, छात्रवृत्ति एवं कक्षाओं के नियमित संचालन के सम्बन्ध में तिथि का निर्धारण कर लिया जाय।

2. शोध कार्यो को बढ़ाने के लिए महाविद्यालय में पंजीकृत शोधार्थियों तथा शोध निर्देशकों को गुणवत्ता पूर्ण प्रकाशन तथा शोध कार्यो को गति प्रदान करने के सुझाव दिया गया।

3. छात्राओं के कैरियर काउन्सिलिंग से सम्बंधित कार्यशाला का आयोजन किया जाय।

कार्यवाही:

1. प्रवेश प्रक्रिया एवं छात्रवृत्ति के सम्बन्ध में क्रमशः डॉ० अनीता कुमारी, एसोसिएट प्रोफेसर संस्कृत, श्री अकबरे आज़म असिस्टेंट प्रोफेसर रसायन विज्ञान एवं डॉ० सतेन्द्र सिंह, एसोसिएट प्रोफेसर भूगर्भ विज्ञान को दायित्व सौपा गया।

2. शोध कार्यो को बढ़ाने एवं गुणवत्ता पूर्ण प्रकाशन के लिए क्रमशः डॉ० दिवाकर मिश्र, असिस्टेंट प्रोफेसर जन्तु विज्ञान एवं डॉ० अमित यादव, असिस्टेंट प्रोफेसर दर्शन शास्त्र के निर्देशन में समिति का गठन किया गया।

3. श्री शिव कुमार, असिस्टेंट प्रोफेसर मनोविज्ञान, के निर्देशन में कैरियर काउन्सिलिंग से सम्बंधित कार्यशाला एवं संवाद सत्र का आयोजन किया गया।

दिनांक 03/10/2018 को प्रो० सविता भारद्वाज, प्राचार्य एवं आई० क्यु० ए० सी० सदस्यों के बीच संगोष्ठी कक्ष में निमंलिखित मुद्दों पर विचार विमर्श हुआ :

1. महाविद्यालय की गतिविधियों को डिजीटलीकरण के मुददों पर विमर्श किया गया।

2. छात्राओं को वैज्ञानिक तकनीक से जोड़ने हेतु कार्यक्रम आयोजित किया जाये।

3. शोधार्थियों को शोध एवं शैक्षणिक दायित्वों से परिचित करने हेतु कार्यक्रम आयोजित किया जाये।

कार्यवाही:

1. छात्राओं को श्री संतन कुमार राम, असिस्टेंट प्रोफेसर भूगोल के निर्देशन में डिजिटल इंडिया वीक कार्यक्रम के अंतर्गत ऑनलाइन परीक्षा आवेदन भरने तथा ऑनलाइन परीक्षा देने के सम्बंध प्रशिक्षण दिया गया।

2. स्नातक विज्ञान की छात्राओं को डॉ० बैकुंठ नाथ पाण्डेय, एसोसिएट प्रोफेसर वनस्पति विज्ञान, डॉ० सतेन्द्र सिंह, एसोसिएट प्रोफेसर भूगर्भ विज्ञान तथा डॉ० दिवाकर मिश्र, असिस्टेंट प्रोफेसर जन्तु विज्ञान के

निर्देशन में एवं साइटो जीन लिमिटेड, लखनऊ के सहयोग से डी०एन०ए० फिंगर प्रिंटिंग पर कार्यशाला का आयोजन किया गया।

3. डॉ० बैकुंठ नाथ पाण्डेय, एसोसिएट प्रोफेसर वनस्पति विज्ञान एवं डॉ० दिवाकर मिश्र, असिस्टेंट प्रोफेसर जन्तु विज्ञान के निर्देशन में शोधार्थियों का अभिविन्यास कार्यक्रम तथा परिचय सत्र का आयोजन किया गया।

आज दिनांक 10/01/2019 को प्राचार्य कक्ष में आयोजित बैठक में आई० क्यु० ए० सी० सदस्यों द्वारा निम्न सुझाव दिये गये :

1. महाविद्यालय के क्रीडा समारोह (स्पर्धा) एवं वार्षिकोत्सव (सर्जना) की तैयारियों के सम्बन्ध में विभिन्न प्रभारियों को उनके दायित्वों के सम्बन्ध में निर्देश दिया गया।

2. राष्ट्रीय संगोष्ठी हेतु शासन को प्रस्ताव बनाकर भेजा जाय।

3. पाठ्यक्रम पूर्ण करने के सम्बन्ध में परिचर्चा हुई तथा विश्वविद्यलय की वार्षिक परीक्षा आयोजन के सम्बन्ध में निर्देश दिये गये।

कार्यवाही:

1. महाविद्यालय के क्रीडा समारोह (स्पर्धा) दिनांक 30 व 31 जनवरी, 2019 को एवं वार्षिकोत्सव (सर्जना) दिनांक 11 फरवरी, 2019 को सम्पन्न हुआ।

2. दिनांक 30 मार्च, 2019, को श्री संतन कुमार राम के संयोजन में Water: Unquenchable thirst of Mankind विषय पर राष्ट्रीय संगोष्ठी का आयोजन किया गया।

3. समय से सभी कक्षाओं का पाठ्यक्रम अतिरिक्त कक्षायें लेकर पूर्ण किया गया तथा विश्वविद्यलय द्वारा आयोजित वार्षिक परीक्षा निर्धारित तिथि पर सकुशल सम्पन्न की गई।

दिनांक 03/05/2019 को प्रो० सविता भारद्वाज, प्राचार्य एवं आई० क्यु० ए० सी० सदस्यों के बीच संगोष्ठी कक्ष में निमंलिखित मुद्दों पर विचार विमर्श हुआ :

1. महाविद्यालय की पत्रिका कीर्ति का प्रकाशन समय से किया जाय।

2. नये सत्र 2019-20 के प्रवेश हेतु आवश्यक तैयारियां ग्रीष्मावकाश के समय पूर्ण कर लिया जाय।

कार्यवाही:

1. महाविद्यालय द्वारा प्रकाशित पत्रिका कीर्ति को प्रकाशित कर दिनांक 30 जून 2019 को तत्कालीन उच्च शिक्षा निर्देशक डॉ० प्रीति गौतम द्वारा विमोचित किया गया।

2. दिनांक 25 जून 2019 से ऑनलाइन प्रवेश के लिए स्वीकार किये जाने लगे।

समन्वयक

Chairman
Internal Quality Assurance Cell
Rajkiya Mahila P.G. College
Ghazipur (U.P.)

प्राचार्य

प्राचार्य
राजकीय महिला स्नातकोत्तर महाविद्यालय
गाजीपुर-233001